

Director
Mr. VIPIN JAIN SIR
(The Symbol of Trust)

Since 2011

# 27 April 2022

# MARVELLOUS
## (A Result Oriented Institute)
An Institute for Civil services Examination

Daily Current Affairs Booster

Follow us on

# Daily Current Affairs

UPSC | MPPSC | NTA NET | MP-SI


Ground Floor, Opposite Puma Showroom, Tower Square, Indore (M.P.)
Helpline & 9981983777, 8817983777, 0731-4370330
Website : marvellousinstitute.com

## 27 अप्रैल का इतिहास

- **1526 :** मुगल साम्राज्य का शासक बाबर ने दिल्ली के सुल्तान को पराजित कर नया बादशाह बना।
- **1878 :** कलकत्ता विश्वविद्यालय ने महिलाओं को विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में पात्रता के लिय पहली मंजूरी दी।
- **1972 :** अंतरिक्ष यान अपोलो 16 पृथ्वी पर वापस लौटा।
- **1960 :** नेशनल डिफेंस कॉलेज की नई दिल्ली में स्थापना की।
- **1748 :** मुगल शासक मुहम्मद शाह का दिल्ल में निधन हुआ।
- **1920 :** प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी मनीभाई देसाई का जन्म हुआ।

## 27 अप्रैल से संबंधित करेंट अफेयर्स

- प्रख्यात अर्थशास्त्री सुमन के.बेरी को नीति आयोग का आगामी उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। निवर्तमान उपाध्यक्ष राजीव कुमार के इस्तीफा देने के बाद सुमन बेरी की नियुक्ति को मंजूरी दी गई है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति द्वारा राजीव कुमार का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है, लेकिन वे 30 अप्रैल 2022 तक पद पर बने रहेंगे। गौरतलब है कि राजीव कुमार ने अगस्त 2017 में तत्कालीन उपाध्यक्ष अरविंद पनगड़िया के स्थान पर पदीभार संभाला था। अब नए उपाध्यक्ष के रूप में सुमन बेरी 1 मई 2022 से कार्यभार संभालेंगे।
- भारत युवाह ने घोषणा की कि भारत में कैपजेमिनी के सीईओ अश्विन यार्डी संगठन के सह-अध्यक्ष के रूप में यूनिसेफ के प्रतिनिधि, यासुमासा किमुरा के साथ तुरंत शुरूआत करते हुए संगठन में शामिल हो गए है। युवाह बोर्ड अब निर्णय लेने वाली संस्था के रूप में काम करेगा।
- इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स ने जनरल एटॉमिक्स ग्लोबल कॉरपोरेशन के भारतीय-अमेरिकी मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक लाल को रक्षा क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना के लिए प्रतिष्ठित उद्यमी नेतृत्व पुरस्कार के लिए चुना गया है। इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना 1968 में हुई थी और यह भारत अमेरिका वाणिज्यिक सहयोग के लिए प्रमुख द्विपक्षीय चैंबर है।
- बबीता सिंह एक सीरियल उद्यमी को नई दिल्ली में एशिया अफ्रीका कंसोर्टियम के सहयोग से आयोजित इंडिया इंटरनेशनल कॉन्क्लेव 2022 में शिक्षा, खेल, कला, संस्कृति और कूटनीति के माध्यम से शांति को बढ़ावा देने में उनके काम के लिए ग्लोबल पीस एंबेसडर नामित किया गया था।
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन पर संसदीय स्थायी समिति ने प्रस्तावित वन्यजीव संशोधन विधेयक 2021 पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। स्थायी समिति ने पाया है कि कुछ प्रजातियों, जिन्हें पर्यावरण मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित किया गया है को वन्यजीवों और पौधों की विभिन्न अनुसूचियों से बाहर रखा गया है तथा इन प्रजातियों को शामिल करने हेतु अनुसूचियों की संशोधित सूची की सिफारिश की गई है।
- स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट ने दुनिया के प्रमुख देशों की सेनाओं के सालाना खर्च पर वर्ल्ड मिलिट्री एक्सपेंडिचर रिपोर्ट 2021 जारी की। रिपोर्ट के मुताबिक विश्व सैन्य खर्च वर्ष 2021 में 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ अब तक के सबसे ऊँचक स्तर पर पहुंच गया। इसके अनुसार 2021 में कुल वैश्विक सैन्य खर्च 0.7% बढ़कर 2113 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। सबसे ज्यादा सैन्य खर्च करने वाले देशों में अमेरिका टॉप पर है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रायसीना डायलॉग का उद्घघाटन किया। यह इस संवाद का सातवां संस्करण है। इस संवाद का आयोजन 25 से 27 अप्रैल 2022 में प्रत्यक्ष प्रारूप में किया। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयन इसकी मुख्य अतिथि है।
- कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने 10,000 किसान उत्पादक संगठनों के गठन और संवर्द्धन की केंद्रीय क्षेत्र की योजना के तहत क्लस्टर आधारित व्यापार संगठन के राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। फरवरी 2020 में चित्रकुट में 6865 करोड़ रूपये के बजटीय प्रावधान के साथ योजना का शुभारंभ किया गया।
- विजडन अल्मनैक ने भारत के कप्तान रोहित शर्मा और गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को 2022 के लिए वर्ष के पांच सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में शामिल किया है। रोहित शर्मा ने चार टेस्ट मैचों में 52.57 की औसत से 368 रन बनाए, द ओवल में दूसरी पारी में 127 रनों के साथ एक उत्कृष्ट दौरा पूरा किया, जो घर से दूर उनका पहला टेस्ट शतक था। अन्य खिलाड़ियों में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन, दक्षिण अफ्रीका की महिला खिलाड़ी डेन वैन नीकेर्क और न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे शामिल हैं।
- त्रिपुरा राज्य सरकार ने राज्य में एक अंतर्राष्ट्रीय ग्रेड डेटा केंद्र स्थापित करने के लिए NIXI-CSC डेटा सेवा केंद्र के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। अनुमानित डाटा सेंटर स्थापित करने के लिए नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया और CSE ई गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड ने NIXI-CSC डेटा सर्विसेज सेंटर नामक एक संयुक्त उद्यम का गठन किया है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स




**1. विश्व टीकाकरण सप्ताह (World Immunization Week) कब से कब तक मनाया जाता है ?**

(A) 20 से 26 अप्रैल तक (B) 22 से 28 अप्रैल तक
(C) 24 से 30 अप्रैल तक (D) 25 से 30 अप्रैल तक

**(C)** विश्व टीकाकरण सप्ताह 24 से 30 अप्रैल तक हर साल मनाया जाता है। विश्व टीकाकरण सप्ताह हर साल अप्रैल के आखिरी सप्ताह में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य सभी उम्र के लोगों के बीच टीकाकरण को बढ़ावा देना है। विश्व टीकाकरण सप्ताह की शुरूआत अमेरिका से WHO ने 2003 में की थी। इसके साथ ही इसे पूरी दुनिया के लगभग 180 देशों तथा प्रदेशों ने मनाया।



**2. केंद्र सरकार द्वारा मछुआरों की आजीविका में सुधार करने के लिए भारत का पहला समुद्री शैवाल पार्क कहाँ खोजा जाएगा ?**

(A) केरल (B) गोवा
(C) आंध्रप्रदेश (D) तमिलनाडु

**(D)** केंद्र सरकार द्वारा तमिलनाडु में विशेष आर्थिक क्षेत्र दर्जे के साथ मछुआरों की आजीविका में सुधार करने के लिए भारत का पहला समुद्री शैवाल पार्क तमिलनाडु में खोजा जाएगा। इस पार्क की स्थापना प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत की जाएगी। समुद्री शैवाल बिना फूल वाले आदिम समुद्री शैवाल को कहा जाता है इनमें जड़, तना और पत्तियां नही होते, ये समुद्री पारिस्थितिक तंत्र में एक प्रमुख भूमिका निभाते है।




**3. भारत श्रीलंका को अतिरिक्त कितने मिलियन डॉलर की ईधन सहायता देगा ?**

(A) 200$ मिलियन (B) 350$ मिलियन
(C) 500$ मिलियन (D) 700$ मिलियन

**(C)** भारत श्रीलंकाई द्वीप राष्ट्र को ईधन खरीदने में मदद करने के लिए अतिरिक्त $500 मिलियन की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा, और वहीं बांग्लादेश कोलंबो की मदद के लिए तैयार है। यह दूसरा 500 मिलियन डॉलर का गैसोलीन क्रेडिट है जो भारत ने श्रीलंका की सरकार को दिया है जो वर्तमान में देश के सबसे बड़े वित्तीय संकट से जूझ रहा है।




**4. हाल ही में किस स्थान पर ऑयल इंडिया लिमिटेड ने भारत का पहला वाणिज्यिक ग्रेड ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन संयंत्र लगाया ?**

(A) जोरहाट, असम (B) पटना, बिहार
(C) अगरतला, त्रिपुरा (D) कोलकता, बंगाल

**(A)** ऑयल इंडिया लिमिटेड ने असम में अपने जोरहट पंप स्टेशन पर 10 किलोग्राम प्रति दिन की स्थापित क्षमता के साथ भारत के पहले 99.999% शुद्ध ग्रीन हाइड्रोजन पायलट प्लांट की शुरूआत की। असम राज्य में हाइड्रोजन बसें चलाने के लिए उत्पादित हाइड्रोजन को प्राकृतिक गैस के साथ मिश्रित किया जाएगा।




**5. हाल ही में किस बैंक ने केंद्रीय प्रत्यक कर और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के साथ समझौता किया है ?**

(A) धनलक्ष्मी बैंक (B) बैंक ऑफ इंडिया
(C) मरूधरा ग्रामीण बैंक (D) कर्नाटक बैंक

**(A)** हाल ही में धनलक्ष्मी बैंक ने करों के संग्रह के लिए केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है। धनलक्ष्मी बैंक ने एक नियामकीय फाइलिंग में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने महालेखा नियंत्रक की सिफारिश के आधार पर बैंक को विभिन्न करों को एकत्र करने के लिए अधिकृत किया है।

MARVELLOUS
(A Result Oriented Institute)
Since 2011
An Institute for Civil services Examination

**6. हाल ही में नीति आयोग ने किसके साथ मिलकर भारत के बच्चों के राज्यः बहुआयामी बाल विकास में स्थिति और रूझान पर देश की पहली रिपोर्ट तैयार करने की घोषणा की ?**

(A) यूनिसेफ (B) विश्व आर्थिक मंच
(C) UNESCO (D) विश्व बैंक

**(A)** हाल ही में नीति आयोग ने यूनिसेफ के साथ मिलकर भारत के बच्चों के राज्य बहुआयामी बाल विकास में स्थिति और रूझान पर देश की पहली रिपोर्ट तैयार करने की घोषणा की। यह रिपोर्ट भारत के सभी राज्यों में स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, पानी और स्वच्छता, घरेलू जीवन स्तर और बच्चों के अनुकूल वातावरण को समझने के लिए रूपरेखा तैयार करेगी।




**7. हाल ही में भारत के कितने खिलाड़ियों को विजडन अल्मनैक ने फाइव क्रिकेटर्स ऑफ द ईयर में शामिल किया ?**

(A) एक (B) दो
(C) तीन (D) चार

**(B)** विजडन अल्मनैक ने भारत के कप्तान रोहित शर्मा और गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को 2022 के लिए वर्ष के पांच सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में शामिल किया है। अन्य खिलाड़ियों में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन, दक्षिण अफ्रीका की महिला खिलाड़ी डेन वैन नीकेर्क ओर न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे शामिल है।



**8. हाल ही में किस देश ने RS-28 SARMAT दुनिया की सबसे शक्तिशाली परमाणु सक्षम अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया ?**

(A) चीन (B) रूस
(C) अमेरिका (D) यूक्रेन

**(B)** रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने कहा कि उनकी सेना ने एक बड़े परमाणु पेलोड को ले जाने में सक्षम अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया था, लेकिन पेंटागन ने कहा कि मिसाइल ने अमेरिका के लिए एक बड़ा खतरा पैदा नही किया। रूस का सबसे शक्तिशाली ICBM RS-28 Sarmat है, जिसे नाटो द्वारा Satan 2 कहा जाता है।



**9. हाल ही में किसे नई वैश्विक शांति राजदूत 2022 के रूप में चुना गया ?**

(A) अंजलि पाठक (B) सुमन शर्मा
(C) इशानी आहूजा (D) बबीता सिंह

**(D)** बबीता सिंह को नई दिल्ली में एशिया अफ्रीका कंसोर्टियम के सहयोग से आयोजित इंडिया इंटरनेशनल कॉन्क्लेव 2022 में शिक्षा, खेल, कला, संस्कृति और कूटनीति के माध्यम से शांति को बढ़ावा देने में उनके काम के लिए ग्लोबल पीस एंबेसडर नामित किया गया था।




**10. निम्नलिखित में से कौनसा देश फारस की खाड़ी को नही घेरता है ?**

(A) बहरीन (B) ईरान
(C) यमन (D) सऊदी अरब

**(C)** फारस की खाड़ी पश्चिम एशिया में हिंद महासागर का एक विस्तार है, जो ईरान और अरब प्रायद्वीप के बीच फैला हुआ है। इस जल स्त्रोत के चारों और की भूमि को बहरीन, ईरान, इराक, कुवैत, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के द्वारा संयुक्त रूप से साझा किया जाता है।



Ground Floor, Opposite Puma Showroom, Tower Square, Indore (M.P.) Helpline & 9981983777, 8817983777, 0731-4370330

# MARVELLOUS

## INSTITUTE FOR CIVIL SERVICES

**(A RESULT ORIENTED INSTITUTE )**

**Since 2011**

MPPSC की तैयारी के लिए VIPIN सर ही क्यों ?





**Director :-**

**MR. VIPIN JAIN SIR**

**(The Symbol of Trust)**

- MSC Mathematics
- MPA Public Administration , NET
- MPH Philosophy (Gold Medalist) , NET
- MPS Political Science , NET Qualified
- MSO Sociology
- MHD Hindi Literature Etc

**Opposite Puma showroom, Tower Square, Indore**

**CONTACT :- 9981983777, 8817983777**